Seventeenth Loksabha

an>

Title: To Provide Air connectivity to Shri Ganganagar.

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर) : अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र श्रीगंगानगर एक सीमावर्ती जिला है। इस जिले को हवाई मार्ग से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। यहां से देश और प्रदेश की राजधानी 500 किलोमीटर की दूरी पर है। श्रीगंगानगर में लालगढ़ हवाई पट्टी मौजूद है। पूर्व में यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं के लिए हवाई पट्टी मानक स्तर पर नहीं होने के कारण इसको बंद कर दिया गया है। सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि को मद्देनजर रखते हुए एयरपोर्ट का बहुत अधिक महत्व है। यहां पूर्व निर्मित हवाई पट्टी 1,200 मीटर है, जिसको बढ़ाकर 2,500 मीटर करने और लगभग 60 फीट चौड़ी करने की अत्यंत आवश्यकता है। यहां अन्य संसाधनों को भी स्थापित करने की जरूरत है।

महोदय, अतः मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से यह अनुरोध है कि राजस्थान सरकार ने वर्तमान में गाजियाबाद के निकट हिंडन में 'उड़ान योजना' के तहत एक एमओयू किया है, तो उसको न किया जाए। मेरे संसदीय क्षेत्र श्रीगंगानगर को हवाई मार्ग से जोड़ने, एयरपोर्ट पर तकनीकी सुविधाएं देने, हवाई पट्टी और मानक मापदंडों के अनुसार ट्रैफिक कंट्रोल प्रणाली स्थापित करते हुए जल्द से जल्द हवाई क्षेत्र से जोड़ा जाए।